आर्यावर्त बैंक

प्रधान कार्यालय, ए–2/46 विजय खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ–226 010

नोटिस

आई.बी.पी.एस द्वारा आयोजित कॉमन लिखित परीक्षा (सी0डब्ल्यू0ई0 आर0आर0बी0–X) के माध्यम से आर्यावर्त बैंक में अधिकारी स्केल– I,II (विशेषज्ञ अधिकारी) तथा कार्यालय सहायक पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें नियुक्ति पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करा ली हैं, उनकी बैंक सेवा में योगदान प्रस्तुत करने के उद्देश्य से दिनांक 17.05.2022 से 21.05.2022 के मध्य 05 दिवसीय आनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है।

उक्त क्रम में अभ्यर्थियों की बैंक सेवा में योगदान देने तथा ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में विस्तृत दिशानिर्देश निम्नवत हैं:–

1. दिनांक 17.05.2022 से 21.05.2022 तक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा, जिसमें अधिकारी स्केल– I,II (विशेषज्ञ अधिकारी) तथा कार्यालय सहायक पद पर योगदान देने हेतु नियुक्ति पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करा चुके सभी अभ्यर्थियों की सहभागिता अनिवार्य होगी।
2. सभी अभ्यर्थी अपने निवास से ही मोबाईल/कम्प्यूटर/लैपटाप के माध्यम से ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर सकते हैं।
3. डेमो प्रशिक्षण सत्र और 05 दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिये मीटिंग आईडी लिंक निम्नानुसार है –

अधिकारी स्केल– I,II (विशेषज्ञ अधिकारी)	कार्यालय सहायक
लिंक: https://aryavart.webex.com/aryavart/j.php?MTID=m8940752e6343516a5ac9f0041911a90c	लिंक: https://aryavart.webex.com/aryavart/j.php?MTID=m4e2c6049c5293dd8544a5380ff487c45
मीटिंग आईडी : 2512 484 7952	मीटिंग आईडी : 2519 389 6095

पासवर्ड सभी अभ्यर्थियों के मोबाइल नं. पर दिनांक 13.05.2022 को प्रेषित किया जायेगा।
अतः आपको सलाह दी जाती है कि दिनांक 13.05.2022 को दोपहर 01 बजे डेमो प्रशिक्षण सत्र में भाग लें और दिनांक 17-05-2022 से 09:30 बजे शुरू होने वाले सभी 05 दिनों के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिना किसी असफलता के भागीदारी सुनिश्चित करें।

ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के चरण निम्नानुसार हैं –

चरण–1 ऊपर दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
चरण–2 लॉन्च मीटिंग पर क्लिक करें।
चरण–3 अपना नाम और ई–मेल आईडी दर्ज करें। (कृपया अपना सही नाम और ई–मेल आईडी दर्ज करें जैसा कि आईबीपीएस आवेदन पत्र में पंजीकृत है, क्योंकि इसका उपयोग आपकी उपस्थिति को चिह्नित करने में किया जाएगा)
चरण–4 जॉइन ऐज गेस्ट पर क्लिक करें।

चरण–5 ऊपर बताए गये पासवर्ड को दर्ज करें।

अब, आपको ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में अनुमति दी जाएगी।

आप उपरोक्त मीटिंग आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके सीधे "Cisco Webex App" के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

किसी भी तकनीकी कठिनाई के मामले में आप श्री चंदन मिश्रा (8172900310) और श्री देवनाथ मण्डल (मोब.– 9832163164) से संपर्क कर सकते हैं।

4. यदि किसी अभ्यर्थी के पास मोबाईल/कम्प्यूटर/लैपटाप अथवा नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो हमारे कार्यालय को ई–मेल (Ho.Personnel@aryavartbank-rrb.com) अथवा (मो.नं.– 7388800798) के माध्यम से तत्काल सूचित कर दें, जिससे उनके ऑनलाईन प्रशिक्षण की व्यवस्था निकटतम क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में की जा सके।

5. सभी अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा नियुक्ति पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करा ली गयी हैं, एवं सभी आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेज/प्रमाण पत्र जमा करा दिये गये हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई प्रपत्र जमा कराना है, अथवा यदि कोई अभ्यर्थी किसी अन्य संस्था में कार्यरत है, तो दिनांक 13.05.2022 तक ई–मेल के माध्यम से कार्यमुक्ति पत्र/अन्य आवश्यक प्रपत्र अवश्य प्रेषित कर दें। जो अभ्यर्थी अपना कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र अथवा अन्य वांछित प्रपत्र दिनांक 13.05.2022 तक प्रस्तुत नहीं करते है, वे ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता नहीं कर सकेंगें एवं उन्हें भविष्य में योगदान देने हेतु प्रधान कार्यालय की अनुमति आवश्यक होगी।

6. उक्त 05 दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के पश्चात अभ्यर्थियों को उनके आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 23.05.2022 को योगदान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, किन्तु यदि दिनांक 23.05.2022 को आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय में आप रिपोर्ट नहीं करते हैं अथवा यदि वर्तमान में आप किसी अन्य संस्था में कार्यरत है और दिनांक 17.05.2022 से पूर्व अपने वर्तमान नियोक्ता से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो बैंक सेवा में आपकी योगदान तिथि दिनांक 17.05.2022 से प्रभावी नहीं मानी जायेगी। क्षेत्रीय कार्यालय आवंटन की सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी। क्षेत्रीय कार्यालय आवंटन की सूचना पृथक से मेल द्वारा प्रेषित की जायेगी। सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी उन्हें दो दिवसीय फिनेकल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

7. सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति–प्रस्ताव पत्र (Offer-cum-Appointment letter) ई–मेल के माध्यम से शीघ्र प्रेषित किये जाएगें, जिस पर अभ्यर्थी को अपनी अभिस्वीकृति प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व प्रेषित करनी होगी। नियुक्ति–प्रस्ताव पत्र पर अभिस्वीकृति हेतु अभ्यर्थी द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षरित स्कैण्ड कॉपी प्रधान कार्यालय के ई–मेल (Ho.Personnel@aryavartbank-rrb.com) पर प्रेषित की जाएगी। यदि हस्ताक्षरित स्कैण्ड कॉपी पर अभिस्वीकृति प्रेषित करना संभव न हो, तो ऐसे अभ्यर्थी ई–मेल के माध्यम से अपनी अभिस्वीकृति निम्नानुसार प्रेषित कर सकते हैंः–

"I acknowledge the receipt of offer-cum-appointment letter sent to me through e-mail dated .... and accept all terms and conditions mentioned therein."

(महाप्रबन्धक)
मानव संसाधन एवं औ0 वि0 विभाग
प्रधान कार्यालय, लखनऊ।
दिनांकः 09.05.2022